**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to restart train from Agra Fort to Kathgodam via Mathura and make provision for start of direct train from Mathura to Aligarh.

**श्रीमती हेमामालिनी (मथुरा):** महोदय, मेरा एक सपना था कि मथुरा स्टेशन बहुत ही सुन्दर हो, जिसके लिए मैंने बहुत सारे अच्छे डिजाइंस भी बनाकर हमारे रेल विभाग को दिखाए थे। आज मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज मैं, हमारे रेल मंत्री जी और सारे विभाग को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने इसका ब्यूटीफिकेशन किया। उसे इतना अच्छा किया है कि देश-विदेश से आने वाले लोग बहुत खुश हैं। वहां बहुत सारी सुविधाएं दी गई हैं और यह साफ-सुथरा भी है। लेकिन, मेरी दो मांगें हैं। आगरा फोर्ट से मथुरा होते हुए जो रेलगाड़ी काठगोदाम तक जाती है, उसे पिछले कई सालों से रोक दिया गया है क्योंकि मीटर गेज से ब्रॉड गेज कन्वर्सन के डेवलपमेंट कार्य की वजह से उसे कई सालों से बंद रखा गया है। अगर उसकी डेवलपमेंट हो गई है तो उस ट्रेन को फिर से शुरू करना चाहिए क्योंकि इसकी वजह से लोगों को बहुत असुविधा हो रही है। इसके न होने से उत्तराखण्ड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आने वाले यात्रियों को मथुरा आने-जाने में तकलीफ होती है और साउथ इंडिया जाने में भी बहुत तकलीफ होती है । मेरी यही माँग है कि इसको जल्दी से जल्दी शुरू कर दिया जाए। यह प्रतिदिन होनी चाहिए।

महोदय, मेरी दूसरी माँग यह है कि मथुरा से अलीगढ़ के लिए कोई डायरेक्ट ट्रेन नहीं है। वहाँ रेलवे ट्रैक भी नहीं है। हमारे मथुरा में आने वाले तीर्थयात्रियों को बहुत असुविधा होती है। अगर यह कनेक्शन मिल जाए तो बहुत अच्छा रहेगा। इसके लिए मेरा सुझाव यही है कि मथुरा-हाथरस के बीच में से उस डायवर्जन को ले सकते हैं। This is my suggestion. अगर आप इसे करेंगे तो मैं भी खुश रहूँगी, हमारे मथुरावासी खुश हो जाएंगे और देश-विदश से आने वाले यात्रियों को भी बहुत अच्छा लगेगा।